**दिनांक 16.01.2026 को कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना, की अध्यक्षता में उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान के प्रथम तल के आंतरिक भाग के जीर्णोद्धार का कार्य के निविदा में प्राप्त परिवाद पर विचार करने हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

**सदस्य उपस्थित :–**

I. कार्यकारी निदेशक (परियोजना), बियाडा पटना।
II. उप–महाप्रबंधक, तकनीकी,(नॉर्थ) बियाडा पटना।
III. उप–महाप्रबंधक, तकनीकी,(साउथ) बियाडा पटना।
IV. उप–महाप्रबंधक, वित्त, बियाडा पटना।
V. प्रबंधक, तकनीकी, बियाडा पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | : उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान के प्रथम तल के आंतरिक भाग के जीर्णोद्धार का कार्य |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | : रु 12,06,13,500.00 मात्र |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | : रु 7,55,43,735.00 मात्र |
| 4. | परिमाण विपत्र की कुल राशि | : रु 7,55,43,735.00 मात्र |
| 5. | निविदा सूचना संख्या | : 28/BIADA/2025-2026 (Gr.-2) |
| 6. | निविदा आमंत्रण की तिथि | : 27.11.2025 |
| 7. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | : 29.12.2025 |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | : 30.12.2025 |
| 9. | निविदा प्रसारण का माध्यम | : ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 10. | प्रकाशन का पी0आर0 सं0 | : 018507 (B&C) 2025-26 |

11. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकार का नाम एवं पता :–

(1) Shyam Bihari Prasad , Vill+Post: Erki, Belaganj Dist: Gaya
(2) Manoj Kumar, Kashumchak, Belhauri, Dulhin Bazar, Patna
(3) Umesh Kumar Chakravarti , Vill+Post: Nadpura, Dhanrua, Dist: Patna
(4) Siddansh Engineering Works, Plot No 194, Agroha Kunj, Sector-13, Rohini, Delhi
(5) M/s Add-on Interiors & Constructions, C-3/147, Sector-31, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh

**निविदा समिति की कार्यवाही–**

उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान के प्रथम तल के आंतरिक भाग के जीर्णोद्धार का कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना NIT–28/BIADA/2025-2026 (Gr.-2), दिनांक–27.11.2025) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई, जिसमें पाँच (05) निविदादाताओं ने भाग लिया। निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा सम्मिलित निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेखों की समीक्षा की गयी, समीक्षोपरान्त निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से Responsive निविदादाताओं यथा क्रमांक– (1) Shyam Bihari Prasad एवं (2) Manoj Kumar को तकनीकी बीड में सफल पाया गया तथा शेष तीन Non-Responsive निविदादाताओं यथाक्रमांक– (3) Umesh Kumar Chakravarti (4) Siddansh Engineering Works एवं (5) M/s Add-on Interiors & Constructions को तकनीकी बीड में असफल पाया गया।

तकनीकी बीड की इस कार्यवाही पर प्रबंध निदेशक महोदय से अनुमोदनोपरान्त तीन दिनों के लिए वेबसाईट पर परिवाद हेतु अपलोड किया गया। इस अवधि में तकनीकी रूप से असफल एक निविदादाता यथाक्रमांक (3) Umesh Kumar Chakravarti , Vill+Post: Nadpura, Dhanrua, Dist: Patna द्वारा परिवाद समर्पित करते हुए सूचित किया गया है कि "निवेदन पूर्वक कहना है कि उक्त कार्य के निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया था। मुझे इलेक्ट्रीक लाइसेंस जो कि दिल्ली एन०सी०आर० का दिया था उस आधार पर मुझे निविदा में असफल किया गया, जबकि आप के द्वारा NIT में केवल इलेक्ट्रीक लाइसेंस को अपलोड करने के लिए कहा

16/01/2026 16/01/26 16/1/26 16/01/26 16/01/26

गया है। जिसमें बिहार का ही होना सुनिश्चित नहीं किया गया है। जबकि भवन निर्माण विभाग एवं अन्य विभाग में इसकी मान्यता है तथा SBD में भी यह प्रावधान नहीं है कि इलेक्ट्रीक लाइसेंस बिहार का होना जरूरी है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि उक्त निविदा में मेरे उपर लगाये गये आरोपों को पुनः विचार करते हुए मुझे सफल करने की कृपा की जाय।''

निविदा समिति का निर्णय

निविदादाता Umesh Kumar Chakravarti , Vill+Post: Nadpura, Dhanrua, Dist: Patna के द्वारा जो इलेक्ट्रिकल लाइसेंस समर्पित किया गया है उसमें स्पष्ट रूप से यह लिखा हुआ है कि **"This Licensed to carry out electrical Installation Work in the National Capital Territory of Delhi."**

निविदादाता द्वारा प्रस्तुत इलेक्ट्रिकल लाइसेंस केवल दिल्ली राजधानी क्षेत्र में विद्युत अधिष्ठापन कार्य तक सीमित है तथा उसके आधार पर बिहार राज्य के अन्तर्गत विद्युत कार्य के वैध होने का कोई प्रमाण प्रतीत नहीं होता है।

अतः तकनीकी पात्रता की शर्तों के अंतर्गत तथा कार्य की वैधानिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निविदादाता श्री उमेश कुमार चक्रवर्ती को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया जाना उचित एवं नियमसंगत है। उनके परिवाद में उल्लिखित तथ्यों से निविदा मूल्यांकन में की गई पूर्व की कार्रवाई प्रभावित नहीं होती।

निविदा समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि परिवाद निष्पादन की इस कार्यवाही पर प्रबंध निदेशक महोदय से अनुमोदन प्राप्त किया जाए एवं तदोपरांत तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा पर अग्रेतर कार्रवाई करने की निविदा समिति अनुशंसा करती है।

16/01/2026
**प्रबंधक, तकनीकी**
बियाडा, पटना

16/1/26
**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**
**(नॉर्थ)**
बियाडा, पटना

16/01/26
**उप–महाप्रबंधक, तकनीकी**
**(साउथ)**
बियाडा, पटना

16/01/26
**उप–महाप्रबंधक, वित्त**
बियाडा, पटना

16/01/26
**कार्यकारी निदेशक**
**(परियोजना)**
बियाडा, पटना।